HS India

# HELP STUDENT INDIA

Every Student has a talent, we need to discover it

## संक्षिप्त विवरण

'हेल्प स्टूडेंट इंडिया' का वैचारिक आरम्भ उस दिन हुआ जब इंजीनियरिंग कॉलेज के कुछ छात्रों ने 'विद्यार्थी सहायता केन्द्र' का आरम्भ किया जिसका उद्देश्य कानपुर तथा निकटवर्ती क्षेत्रों के गरीब एवं जरुरतमंद छात्रों की सहायता करना तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उनको दिशा निर्देशित करना था । उपरोक्त विचार ने आगे चलकर 'हेल्प स्टूडेंट इंडिया' का नाम लिया जिसकी स्थापना वर्ष 2011 में एक ट्रस्ट के रूप में हुई, इस संस्था का प्राथमिक उद्देश्य 'विद्यार्थी सहायता केन्द्र' की ज्योति को अग्रसर करना एवं देश के आर्थिक रुप से कमजोर तथा जरूरतमंद विद्यार्थियों के मध्य ज्ञान के अमूल्य प्रकाश को प्रवाहित करना है।

## मिशन

प्रत्येक विद्यार्थी में छिपी प्रतिभा को निखार के, उनकी सोच को ज्ञानवर्द्धक एवं दूरदर्शी तथा उनके चरित्र को समृद्ध बनाते हुए भारतीय विद्यार्थियों की मदद करना जो कि विशेष रुप से ग्रामीण, अर्द्धशहरी, वंचित तथा आर्थिक रुप से पिछड़े क्षेत्रों में रहते हैं।

## विज़न

विद्यार्थियों की प्रतिभाओं एवं क्षमताओं को खोज निकालना, कौशल उन्नयन एवं आधुनिकीकरण के लिए प्रशिक्षण देना, उन्हें समृद्ध बनाना जिससे वह भविष्य के दिशानिर्देशक बन सकें एवं भारत को फिर से विश्व का बौद्धिक शक्ति केन्द्र बना सकें।





# HELP STUDENT INDIA

Every Student has a talent, we need to discover it





## कार्यप्रणाली

काश ऐसा होता कि हम अपने देश के सभी बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा दे पाते। हमारे देश में अभी भी करोड़ो बच्चे आर्थिक अभाव के कारण या ग्राम एवं छोटे नगरो में अच्छे संस्थानों के अभाव के कारण उच्च स्तरीय शिक्षा से वंचित हैं।

इस कमी को दूर करने के लिए हेल्प स्टूडेंट इंडिया उ. प्र., छ.ग. एवं दिल्ली में विद्यार्थियों को कल्पनाशील, परिपक्व, वैचारिक रुप से स्वतंत्र, ऊर्जावान तथा लक्ष्य प्राप्ति के लिए अभिप्रेरित बनाने का कार्य कर रही है जिससे ये विद्यार्थी देश के भावी कर्णधार बन सके। यह सहायता हम निम्न तरीकों द्वारा प्रदान करते हैं :-

- एक जिला स्तरीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को चयनित कर उन्हें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओ (एन.टी.एस.ई., इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा तथा अन्य) का निःशुल्क मार्गदर्शन संबंधित केन्द्र पर प्रदान करना।
- विभिन्न प्रकार के मोटिवेशनल सेमिनार एवं प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति एकाग्र और प्रोत्साहित करना।
- विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओ हेतु निःशुल्क पाठ्यसामग्री उपलब्ध कराना।
- विद्यार्थियों में उत्सुकता तथा अभिनव विचारो के विकास को बढ़ावा देना।
- विद्यार्थियों को विभिन्न कैरियर विकल्पो के लिए जागरुक तथा विभिन्न क्षेत्रों की विधिवत जानकारी उपलब्ध कराना।
- आर्थिक रूप से पिछड़े विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार से सहायता कर देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक शोध संस्थानों तथा तकनीकि संस्थानों में प्रवेश का मार्गदर्शन प्रदान करना।

***विद्यार्थी हायर सेकेन्डरी तथा प्रतियोगी शिक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता हेतु हेल्प स्टूडेण्ट इंडिया से ई-मेल, पत्र के माध्यम से सम्पर्क कर सकते है।***

## संस्थापक (हेल्प स्टूडेंट इंडिया)



श्री अवनीश कुमार

प्रख्यात गणित शिक्षक तथा प्रेरक गुरु, जो 21 वर्ष के व्यापक अनुभव के साथ सफलता प्राप्ति की ओर छात्रों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने हेल्प स्टूडेंट इंडिया की स्थापना उन गरीब तथा वंचित वर्गों के विद्यार्थियों की सहायता करने के उद्देश्य से की जिनके पास आगे बढ़ने एवं कुछ हासिल करने की अभिलाषा तो है, परंतु उचित संसाधनों का अभाव है। उन्होंने भारत के अनेक शहरों में Success Mantra Seminar तथा Motivational Workshop (प्रेरक कार्यशालाएँ) प्रस्तुत की हैं जिसके माध्यम से उन्हेंने छात्रों का मनोबल बढ़ाया एवं अपने वांछित क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने के लिए उन्हें मार्गदर्शित किया एवं एक सक्षम तथा विचारशील मार्गदर्शक के रुप में स्वयं को स्थापित किया है।

जो है तुम्हारे पास; साहस विश्वास और निष्ठा।
तो जीत तुम्हारी होगी; वरना हार तो कब की तुम्हारे साथ है॥



# प्रोजेक्ट महक

प्रोजेक्ट महक का उद्देश्य विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षा की महक का संचार करना है, जिसे प्राप्त करने के लिए हम भिलाई तथा दुर्ग (छ.ग.) के विभिन्न स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को शैक्षिक मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। वर्तमान में कक्षा 11वीं तथा 12वीं के विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करायी जा रही है जिससे वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। इस प्रोजेक्ट में विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाये रखने के लिए समय समय पर मोटिवेशनल कार्यशालाओं, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं तथा अन्य कार्यक्रम के आयोजन के साथ-साथ ही निःशुल्क पाठ्य सामग्री भी उपलब्ध करायी जाती है।




















# प्रोजेक्ट वसुंधरा

प्रोजेक्ट वसुंधरा का संचालन इटावा (उ. प्र.) में किया जा रहा है, जिस धरा (जमीन) में हमारे संस्थापकों के विचारो की नीव पड़ी। इस प्रोजेक्ट में इटावा जिले के गरीब एवं मेधावी विद्यार्थियों को नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थी एन.टी.एस.ई., कम्युनिकेशन शैली, मानसिक योग्यता तथा सामान्य ज्ञान एवं कक्षा 11वीं का प्रशिक्षण विभिन्न इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओ के लिए किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्रायें पढ़ाई कर रहे हैं यह प्रोजेक्ट एच. एम. एस. इस्लामिया इ. का. तथा एच. एम. एस. इस्लामिया गर्ल्स इ. का. इटावा में चलाया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट में विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाये रखने के लिए समय समय पर मोटिवेशनल कार्यशालायें, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ-साथ ही नि:शुल्क पाठ्य सामग्री भी उपलब्ध करायी जाती है।













## प्रोजेक्ट आकांक्षा

प्रोजेक्ट आकांक्षा दिल्ली शहर में रहने वाले गरीब विद्यार्थियों में प्रगति करने की आकांक्षा को जन्म देने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट में पश्चिमी दिल्ली के विभिन्न सरकारी स्कूलों के 9वीं एवं 10 वीं के छात्रों को एन.टी.एस.ई., कम्यूनिकेशन शैली, मानसिक योग्यता एवं अन्य विषयों के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है।






## प्रोजेक्ट मुस्कान

प्रोजेक्ट मुस्कान- आजाद स्कूल, मरोदा (भिलाई) में विद्यार्थियों के जीवन एवं उनके भविष्य में एक उत्साह एवं ऊँचाई प्रदान करने के उद्येश्य से संचालित किया गया। यहाँ पर कक्षा 9वीं एवं 10वीं. के विद्यार्थियों को नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया गया जिससे विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर में विकास हुआ।





## प्रोजेक्ट उत्कर्ष

प्रोजेक्ट उत्कर्ष, हेल्प स्टूडेंट इंडिया तथा ए.सी.सी. सीमेंट की एक संयुक्त पहल थी जो कि ग्राम जामुल, भिलाई (छ.ग.) में चलायी जा रही थी। इस प्रोजेक्ट में कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्रों को एन.टी.एस.ई. (राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा), आईआईटी-जेईई एवं पीएमटी, जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आसपास के गाँवों के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षण प्रदान किया गया।





# प्रशंसा पत्र

Ph.: 011-25611463

**GOVT. SARVODAYA BAL VIDYALAYA**

A-Block, Vikas Puri, New Delhi-110018

E-mail : sbv.vikaspuri@gmail.com

School Code : 1618002

Ref. No. ..................... Date 22.9.16

To,

Director

Help Student India.

Sir,

I am Extremely thankful to Help Student India for providing help for academic performance & support in career enhancement

1. List of Students enclosed.

22.9.16

Principal
Govt. Sarvodaya Bal Vidyalaya
A-Block, Vikas Puri, N.D.-18

---

## शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक 590

प्रति,

प्रबंधक

हेल्प स्टूडेंट इंडिया

यह पत्र लिखते हुए मैं काफी उत्साह व हर्ष का अनुभव कर रही हूं, साथ ही आभार प्रकट करती हूं कि आपकी संस्था "Help Student India" के द्वारा इस संस्था के गरीब एवं मेधावी छात्राओं की सहायता की गई तथा अनुभवी अध्यापकों द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे NTSE एवं अन्य परीक्षाओं हेतु पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराते हुए विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने में आशातीत सराहनीय कार्य किया गया।

मैं आपके एवं आपके संस्था की उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं।

धन्यवाद

प्राचार्य
शास. कन्या उ.मा. वि. सुपेला
भिलाई-दुर्ग (छ.ग.)

# प्रशंसा पत्र

## एच0 एम0 एस0 इस्लामिया इण्टर कालेज, इटावा
## H.M.S. ISLAMIA INTER COLLEGE, ETAWAH

Ref. HMSIC/Memo /2015-16 Date 30.01.2016



सेवा में,
निदेशक
हेल्प स्टूडेण्ट इण्डिया
नई दिल्ली

प्रिय,

मुझे यह कहते हुए अपार हर्ष एवं प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है, कि आपके द्वारा **एच0एम0एस0 इस्लामिया इण्टर कालेज, इटावा** में संचालित **प्रोजेक्ट वसुंधरा** के अन्तर्गत विगत 02 वर्षों में विद्यालय तथा जिले के अन्य छात्र एवं छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए दिया गया **निःशुल्क मार्गदर्शन तथा पाठ्यकम एक सराहनीय कार्य है,** जिससे **विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन किया** तथा उनके शैक्षिक स्तर में सुधार हुआ है। अभिप्रेरक सेमीनार के माध्यम से विद्यार्थियों में नई सोच का विकास भी हुआ है।

शिक्षा के क्षेत्र में आपके द्वारा वंचितों के हित में की गई निस्वार्थ सेवा निश्चित ही प्रेरणास्पद, अनुकरणीय तथा प्रशंसनीय है जिसके लिए इस्लामिया परिवार सदैव आपका आभार व्यक्त करता है।

सधन्यवाद,

भवदीय

(मु0 तारिक)
प्रधानाचार्य

---

## कार्यालय प्राचार्य शासकीय नवीनमहाविद्यालय, खुर्सीपार जिला-दुर्ग (छ.ग.)

दूरभाष-0788-2281994 ई-मेल -govt.newcollegekhursiparbhilai@gmail .com

क्रमांक 438/ स्थापना / 2016 खुर्सीपार दिनांक 21.11.16

सेवा में,
निर्देशक
हेल्प स्टूडेण्ट इड़िया,
भिलाई (छ.ग.)

महोदय,

शासकीय नवीन महाविद्यालय, खुर्सीपार भिलाई में आपके द्वारा प्रेरणादायी व्याख्यान बहुत ही लाभप्रद रहा। महाविद्यालय में अध्ययनरत श्रमिकों के बच्चीं है और आपके द्वारा दिया गए मार्गदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा।

हमें आशा है कि विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए आपकी संस्था हेल्प स्टूडेण्ट इड़िया के तहत छात्रों को आपके द्वारा सहयोग एवं आर्शीवाद मिलता रहेगा।

—:: धन्यवाद ::—

प्रभारी
(विज्ञान क्लब)

(डॉ. सैना मजूमदार)
प्राचार्य
शा. नवीन महाविद्यालय,
खुर्सीपार, भिलाई जिला–दुर्ग (छ.ग)






## हेल्प स्टूडेंट इंडिया

**दिल्ली कार्यालय :** 185-A,JG-III, विकासपुरी
नई दिल्ली – 110018
दूरभाष : 9650567495

**भिलाई कार्यालय :** 157, न्यू सिविक सेंटर, भिलाई, जिला–दुर्ग
छत्तीसगढ़ – 490006
दूरभाष : 8962264505

info@helpstudentindia.com